**NKT/KS/17/4298**

**Bachelor of Commerce (B.Com.) Semester—II Examination**
**HINDI**
**Optional Paper—6**
**(Supplementary Language)**

समय : तीन घंटे] [कुल अंक: 80

**सूचना :— सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर **400** शब्दों में निबंध लिखिये :—
   (1) भारत रत्न ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जीवन यात्रा
   (2) आधुनिक शिक्षा प्रणाली
   (3) निर्वाचन स्थल का आँखों देखा हाल
   (4) भारत के गाँव। 16

2. ''बढ़ती हुई जनसंख्या और उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए औद्योगिक विकास ही विश्व-प्रदूषण के मूल कारण है।'' — इस कथन को सोदाहरण स्पष्ट कीजिये।

   **अथवा**

   'इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर' पाठ में निहित व्यंग्य को अपने शब्दों में लिखिये। 16

3. कवि दिनकर जी ने 'कलम और तलवार' कविता में किसे श्रेष्ठ माना है ? विवेचन कीजिये।

   **अथवा**

   'ठुकरा दो या प्यार करो' कविता द्वारा सुभद्राजी ने भक्ति के किस भाव को स्पष्ट किया है ? सोदाहरण लिखिये। 16

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिये :—
   (1) प्रदूषण का समुद्रों पर क्या प्रभाव पड़ा है ?
   (2) हृषिदा की बीमारी के संबंध में लेखक ने क्या कहा है ?
   (3) महाराज बिम्बसार को प्राणदंड क्यों मिला था ?
   (4) 'बीते दिन कब आने वाले !' कवि बच्चन ऐसा क्यों कहते हैं ?
   (5) 'पृथ्वी किसलिए घूमती रही' कविता का आशय स्पष्ट कीजिये।
   (6) धरती पर धूप के आगमन पर वातावरण में कौन-कौन से परिवर्तन होते हैं ? 16

5. निम्नलिखित प्रश्नों के **अति संक्षिप्त** उत्तर लिखिये :—
   (1) शीबा का परिचय दीजिये।
   (2) माताएँ सूर्यदेव से क्या मांगती हैं ?
   (3) 'थोथा चना बाजे घना' लोकोक्ति का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिये।
   (4) निविदा किसे कहते हैं ? 16